# 2014

## HINDI

## ( Major )

Paper : 6.2

**( Bhashavijnan )**

*Full Marks* : 60

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×7=7

(क) व्यतिरेकी भाषा-विज्ञान किसे कहते हैं?

(ख) भाषा कैसे ध्वनि प्रतीकों की व्यवस्था है?

(ग) 'अर्थोत्कर्ष' का एक उदाहरण दीजिए।

(घ) भाषा की लघुतम इकाई क्या है?

(ङ) वाक्य के दो अंग क्या-क्या हैं?

(च) प्राणत्व की दृष्टि से 'घ' किस प्रकार की व्यंजन-ध्वनि है?

(छ) "परिश्रमी व्यक्ति को सफलता मिलती है।" इस वाक्य को मिश्र वाक्य बनाइए।

**2.** संक्षेप में उत्तर दीजिए : 2×4=8

(क) ध्वनि परिवर्तन के दो प्रमुख कारणों का उल्लेख कीजिए।

(ख) ध्वनि की परिभाषा दीजिए।

(ग) किसी शब्द के अर्थ का उन्नत से अवनत होना क्या कहलाता है, सोदाहरण बताइए।

(घ) विस्मयसूचक और इच्छासूचक वाक्य के उदाहरण दीजिए।

**3.** निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×3=15

(क) 'अर्थसंकोच' पर एक टिप्पणी लिखिए।

(ख) "भाषा का अर्जन अनुकरण द्वारा होता है।" इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।

(ग) ओष्ठों की स्थिति के आधार पर स्वर-ध्वनियों का वर्गीकरण कीजिए।

(घ) 'शब्द' और 'रूप' का अन्तर स्पष्ट कीजिए।

(ङ) वाक्य-रचना में अन्वय की भूमिका को रेखांकित कीजिए।

**4.** भाषा की उत्पत्ति विषयक किन्हीं दो सिद्धान्तों पर सम्यक् प्रकाश डालिए। 10

**अथवा**

भाषा-विज्ञान को परिभाषित करते हुए समाज-विज्ञान और मनोविज्ञान के साथ भाषा-विज्ञान का सम्बन्ध निरूपित कीजिए।





**5.** व्यंजन ध्वनि किसे कहते हैं? प्राणत्व, घोषत्व और अनुनासिकता के आधारों पर व्यंजन ध्वनियों का वर्गीकरण कीजिए। 10

**अथवा**

सम्बन्ध-तत्त्व और अर्थ-तत्त्व किन्हें कहते हैं? सम्बन्ध-तत्त्वों के कार्यों पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

**6.** 'वाक्य' किसे कहते हैं? वाक्य-रचना में परिवर्तन के कारणों को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 10

**अथवा**

'अर्थ' का आशय स्पष्ट करते हुए अर्थ-परिवर्तन के किन्हीं पाँच कारणों पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

★★★